सार-समाचार

शीतला माता के मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालु महिलाओं की भीड़

अजमेर, (कासं)। सप्तमी के अवसर पर बुधवार को अजमेर शहर सहित जिलेभर में श्रद्धा और आस्था के साथ शीतला माता की पूजा-अर्चना की गई। अलसुबह से ही महिलाओं ने मंदिरों में पहुंचकर शीतला माता का विधिवत पूजन किया और ठंडे पकवानों का भोग लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। शहर के सुभाष उद्यान के सामने स्थित शीतला माता के प्राचीन मंदिर में सुबह से ही महिलाओं की लंबी कतारें लगना शुरू हो गईं। महिलाएं घरों से राबड़ी, दही सहित विभिन्न प्रकार के ठंडे पकवान बनाकर लाई और माता को भोग अर्पित किया। श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर अपने परिवार के कल्याण की प्रार्थना की। इस अवसर पर सुभाष उद्यान के बाहर हर साल की तरह इस बार भी दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है। मेले में बच्चों के खिलौनों, झूलों, चक्करी और अन्य दैनिक उपयोग के सामान की दुकानों से बाजार सजा हुआ नजर आया। मेले में बच्चों और परिवारों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली, जिससे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस जाब्ता भी तैनात किया गया है, ताकि दर्शन करने आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और व्यवस्था सुचारु रूप से बनी रहे।

रेलवे ने लेवल क्रॉसिंग गेट का किया आधुनिकीकरण

इंटरलॉकिंग प्रणाली लागू होने से रेल संचालन होगा अधिक सुरक्षित

अजमेर, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल में चित्तौड़गढ़-उदयपुर रेलखंड के घोसुंदा और पांडोली स्टेशनों के बीच स्थित समपार फाटक संख्या 13ए पर इंटरलॉकिंग कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस इंटरलॉकिंग व्यवस्था के लागू होने के बाद लेवल क्रॉसिंग गेट का संचालन अब सिग्नल प्रणाली के साथ समन्वित तरीके से किया जाएगा। इससे रेल संचालन की सुरक्षा और विश्वसनीयता में और अधिक वृद्धि होगी। नई व्यवस्था के तहत ट्रेन के गुजरने के दौरान फाटक का संचालन स्वत: सुरक्षित तरीके से होगा, जिससे मानवीय त्रुटि की संभावना काफी हद तक कम हो जाएगी। यह कदम रेलवे द्वारा यात्री और जन सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए संरक्षा मानकों को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह कार्य वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता रामअवतार मीणा के निर्देशन में निर्धारित समय से पहले सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया।

मसूदा उपखंड मुख्यालय का उपजिला चिकित्सालय राम भरोसे

मसूदा, (निसं)। मसूदा उपखंड मुख्यालय में संचालित उपजिला चिकित्सालय चिकित्सकों के अभाव में अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है, मरीज परेशान हो रहे हैं, रेफर करना मजबूरी बन गई है। करीब 2 वर्ष पूर्व वर्तमान विधायक के चुने जाने पर कस्बेवासियों व विधायक मसूदा की मांग पर राज्य सरकार ने मसूदा कस्बे में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उपजिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत किया था। चिकित्सालय के क्रमोन्नत होने पर मसूदा क्षेत्र के लोगों में मसूदा कस्बे में ही उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा मिलने की आस जगी थी। विशेषज्ञ चिकित्सको की सुविधा मसूदा में ही मिलने की दशा में छोटी मोटी बीमारियों के चलते ब्यावर, अजमेर भागने से छुटकारा मिलने की आस लगी। लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बावजूद केवल चार चिकित्सकों के भरोसे मसूदा उप जिला चिकित्सालय संचालित हो रहा है। इससे पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही 5 से 7 चिकित्सक तैनात रहते थे। वर्तमान में विशेषज्ञों सहित कुल 22 पद चिकित्सकों के सृजित है, जिसमें 15 चिकित्सक पदस्थापित है फिर भी वर्तमान में केवल 4 चिकित्सक ही कार्यरत हे। उप जिला चिकित्सा अधिकारी लखेद्र सिंह चौहान ने बताया कि फिलहाल 7 चिकित्सक सीनियर रेजिडेंट करने गए हे, 1 चिकित्सक फेलोशिप के लिए चला गया। 2 चिकित्सक मेटरनिटी लीव पर है और एक चिकित्सक डेपुटेशन पर जयपुर चला गया। ऐसे मे उपजिला चिकित्सालय मात्र प्राथमिक चिकित्सालय बनकर रह गया है, जिसमें गंभीर रोगी को आते के साथ ही रेफर करने की तैयारी शुरू कर दी जाती है।

माता से मांगी मनौती, शीतला पूजन के लिए उमड़ी महिलाओं की भीड़

सरवाड़,(निसं)। शहर साहित उपखंड क्षेत्र में बुधवार को शीतला सप्तमी का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया वहीं परिवार की सुख समृद्धि एवं सन्तान की मंगलकामना को लेकर महिलाओं ने वैभव प्रदाता माता शीतला की पूजा की गई वहीं शीतला माता मंदिर परिसर में अल सुबह से माता पूजन करने वाली महिलाओं का आगमन शुरु हो गया जो दस बजे तक अनवरत चलता रहा वहीं महिलाओं ने माता को लापसी पुआ ओलियां दही? राबड़ी खीचां पापड़ी सहित अन्य ठंडे भोजन का भोग लगाकर परिवार में सुख-समृद्धि व बच्चों के निरोगी रहने की कामना की गई वहीं शीतला पूजन के बाद महिलाओं ने सामूहिक रूप से माता की कथा का श्रवण किया गया वहीं लोगों ने एक दिन पहले बनाए विभिन्न पकवानों व व्यंजनों को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया व पूरे दिन ठंडा भोजन किया गया शीतला माता मंदिर परिसर को बिजली की झालरों व फूल मालाओं से आकर्षक ढंग से सजाया गया मान्यतानुसार शीतला सप्तमी के दिन माता का पूजन कर ठंडा भोजन ग्रहण करने से बच्चों में शीतलता का वास होता है तथा वे निरोगी बने रहते है।

गणपति पूजन के साथ श्री गोपाल जी मोहल्ला गणगौर मेला की तैयारी शुरू

ब्यावर (निसं)। समिति अध्यक्ष शिवेंद्र जोशी व मीडिया प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि श्री गोपालजी मौहल्ला गणगौर समिति द्वारा आयोजित 8 दिवसीय गणगौर मेले की तैयारियां ढोल धमाके व गाजे बाजे के साथ गणपति पूजन आज से शुरू हो गई। गणपति पूजन मे अध्यक्ष शिवेंद्र जोशी सहित किशनलाल शर्मा, रामेश्वर शर्मा, संजय शर्मा, राजेंद्र सर्राफ, सत्यनारायण अग्रवाल, नरेश शर्मा, अशोक गोयल, विपिन जोशी, राजेंद्र सिंघल, गणेशगोपाल शर्मा, गिरधारी अग्रवाल, अशोक मूंदडा, राहुल गोयल, ऋषिराज सोनी, राजेश ठठेरा, जितेंद्र सोनी, जितेंद्र ठठेरा, धीरज सोनी, श्रेष्ठ शर्मा, ईशान जोशी, मौलिक जोशी, निलेश मित्तल, सुधीर शर्मा, धीरज सोनी, रमेश सोनी, हर्ष अग्रवाल, नारायण लखारा, मनोज लखारा, प्रकाश शर्मा आदि सदस्य मौजूद थे।

चेटीचण्ड, रामनवमी और महावीर जयंती हमारे महत्वपूर्ण पर्व, सभी विभाग समन्वय से करें काम : देवनानी

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने ली जिला कलेक्ट्रेट में बैठक।

- जिला कलेक्टर ने कहा, समन्वय से काम करें अधिकारी
- विभागों को दिए 16 मार्च तक सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश

अजमेर, (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि आगामी सप्ताह से शुरू होने वाले चेटीचण्ड, रामनवमी और महावीर जयंती के धार्मिक आयोजन हमारे प्रमुख पर्व हैं। इन अवसरों पर विभिन्न संस्थाओं की ओर से जुलूस निकाले जाएंगे तथा विभिन्न आयोजन भी होंगे। ऐसे में जिला प्रशासन, पुलिस और सभी संबंधित विभाग 16 मार्च तक अपनी तैयारियां पूरी करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं की जाए।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में चेटीचण्ड, रामनवमी व महावीर जयंती पर्वों को लेकर तैयारियों की समीक्षा की। जिला कलेक्टर लोक बन्धु व पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा सहित अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर लोक बन्धु ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं एवं पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने कानून एवं शांति व्यवस्था के संबंध में किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। आयोजन समितियों के पदाधिकारियों ने शोभायात्रा आयोजन के बारे में जानकारी दी।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अजमेर धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक रूप से समृद्ध परम्पराओं को धारण किए हुए है। इन्हीं के अन्तर्गत आगामी चेटीचण्ड पर्व झूलेलाल जयंती, रामनवमी पर्व एवं महावीर जयंती पर विशाल शोभायात्राएं एवं जुलूस कार्यक्रम आयोजित होंगे। इनकी प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए समस्त विभाग अपने दायित्व 16 मार्च तक पूर्ण करें। उनकी समीक्षा 17 मार्च को मौके पर की जाएगी। बैठक में आयोजकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा कर रूट निर्धारित किए गए। बैठक में देवनानी ने कहा कि प्रशासन द्वारा जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए बेहतर व्यवस्थाएं की जाएं। असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए मुस्तैदी के साथ कार्य किया जाए। इस दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू रखी जाए ताकि राहगीरों को किसी प्रकार की समस्या न हो। पूर्व की तुलना में इस बार अधिक पुलिस बल तैनात रहेगा। शोभायात्रा के आगे, पीछे तथा साथ-साथ पुलिस जवानों की टुकड़ियां चलती रहेंगी और मार्ग में आने वाले ऊंचे भवनों पर भी पुलिस जाप्ता तैनात रहेगा। उन्होंने जलदाय विभाग को निर्देशित किया कि यात्रा मार्ग में सभी लिकेज ठीक किए जाएं। जिला स्तरीय अधिकारी पेयजल सप्लाई के दौरान क्षेत्र भ्रमण करें, लिकेज का चिह्निकरण कर उन्हें ठीक कराएं। जुलूस से पहले पेयजल सप्लाई देना सुनिश्चित करें। शाम के समय होने वाली सप्लाई एक दिन पहले दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनरेटर ढके हुए होने चाहिए। मुखौटा पहनकर शोभायात्रा में आने वालों के मुखौटे हटाकर पहचान के बाद ही उचित कार्रवाई की जाए। यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए कार्य योजना बनाई जाए। आयोजक अनुशासन एवं आपसी समन्वय के साथ कार्यक्रम सम्पन्न करें।

सफाई, पेचवर्क जैसे कार्य करें निर्धारित समय में: उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को यात्रा मार्ग में सफाई, पेचवर्क, फेरो कवर तथा स्वच्छंद विचरण करने वाले पशुओं के संबंध में कार्य करने के निर्देश दिए। आयोजन से पूर्व देहली गेट, शिवाजी पार्क, जैन नमकीन एवं मदार गेट से नया बाजार तथा मदार गेट से पड़ाव की सड़कों को प्राथमिकता के साथ ठीक किया जाए। यात्रा मार्ग से अस्थायी अतिक्रमण हटाने के लिए लगातार कार्रवाई की जाए।

यात्रा के साथ तीन एम्बुलेंस लगातार चलेंगी। यात्रा मार्ग के आसपास के चिकित्सा संस्थान खुले रहने चाहिए। मिलावट के विरुद्ध भी लगातार कार्रवाई की जाए। दुकानदारों को शुद्ध सामग्री बेचने के लिए पाबंद किया जाए। गर्मी को देखते हुए प्रसाद, भोज्य एवं पेय पदार्थ ताजे ही उपयोग में लिए जाएं। जेएलएन चिकित्सालय में भी 10 पलंग आपातकालीन व्यवस्था के लिए आरक्षित रखे जाएं।

यात्रा मार्ग में नहीं रहें झूलते एवं ढीले तार: देवनानी ने यात्रा मार्ग में बिजली एवं केबल के ढीले तथा झूलते तारों को 21 फीट से ऊपर करने के निर्देश दिए। टाटा पावर तथा आयोजन समिति के प्रतिनिधि संयुक्त रूप से यात्रा मार्ग का अवलोकन करेंगे। इन तारों को स्थायी रूप से ऊंचा किया जाए। नला बाजार एवं ठठेरा बाजार में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों के समय विद्युत की पर्याप्त निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। अजमेर विकास प्राधिकरण एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अपने क्षेत्राधिकार की सड़कों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

एसपी और कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

- एसपी कार्यालय और कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया
- मंगलवार को वाल्मीकि समाज के प्रदर्शन के दौरान भीड़ ने तोड़ी बैरिकेडिंग, पुलिस से हुई धक्का-मुक्की

अजमेर, (कासं)। शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला पुलिस प्रशासन ने जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय और कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। मंगलवार को वाल्मीकि समाज के प्रदर्शन के दौरान अचानक भीड़ के उग्र हो जाने की घटना के बाद प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को वाल्मीकि समाज के लोग हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसपी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शन के दौरान अचानक माहौल तनावपूर्ण हो गया और भीड़ उग्र हो गई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस द्वारा लगाई गई बैरिकेडिंग को तोड़ दिया और पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की करते हुए एसपी कार्यालय परिसर के अंदर प्रवेश कर गए। इस दौरान कुछ समय के लिए स्थिति काफी तनावपूर्ण बन गई थी।

घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने का निर्णय लिया है। बुधवार को एसपी कार्यालय और कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो सके।

इसके साथ ही कलेक्ट्रेट परिसर में तैनात रहने वाले रिजर्व पुलिस बल में भी बदलाव किया गया है। प्रशासन ने यहां अपेक्षाकृत युवा और फुर्तीले पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई है, ताकि किसी भी प्रकार के विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और प्रदर्शनकारियों को परिसर के अंदर प्रवेश करने से रोका जा सके।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार के विरोध प्रदर्शन को शांतिपूर्ण तरीके से करने की अनुमति है, लेकिन यदि कोई भीड़ उग्र होकर सरकारी कार्यालयों में घुसने या कानून तोड़ने का प्रयास करती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मां सावित्री बाई फूले की 128वीं पुण्यतिथि मनाई

अजमेर, (कासं)। अजमेर में माली समाज द्वारा समाज सुधारक मां सावित्री बाई फूले की 128वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अजमेर स्थित ज्योतिबा सर्किल पर समाज के लोगों ने एकत्रित होकर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान माली समाज के जिला अध्यक्ष हेमराज खारोलिया ने मां सावित्री बाई फूले के जीवन और उनके सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ज्योतिबा फूले ने समाज में व्याप्त अनेक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष किया और दलितों तथा पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा के लिए भी ऐतिहासिक पहल की, जिससे समाज में जागरूकता और समानता का मार्ग प्रशस्त हुआ।

खारोलिया ने बताया कि सावित्री बाई फूले ने शिक्षा को समाज सुधार का सबसे बड़ा माध्यम माना और इसी सोच के साथ उन्होंने महिलाओं और वंचित वर्गों को शिक्षित करने का कार्य शुरू किया। उनके प्रयासों से समाज में बराबरी और मानवता की भावना को मजबूती मिली। कार्यक्रम में उपस्थित समाज के लोगों ने मां सावित्री बाई फूले के विचारों को याद करते हुए कहा कि आज भी उनके आदर्श समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य लोग और सदस्य मौजूद रहे, जिन्होंने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।अंत में समाज के पदाधिकारियों ने सभी से मां सावित्री बाई फूले के आदर्शों को अपनाने और समाज में शिक्षा, समानता और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने का आव्हान किया।

'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान को लेकर भाजपा की बैठक'

- मंडल स्तर पर होंगे कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम

अजमेर, (कासं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत मंडल स्तर पर आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर बुधवार को अजमेर शहर जिला भाजपा की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा शहर अध्यक्ष रमेश सोनी ने की, जबकि इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता मदन प्रजापत ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक में आगामी दिनों में मंडल स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही यह तय किया गया कि प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक संरचना और कार्यपद्धति से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया जाएगा, ताकि वे संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभा सकें। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता मदन प्रजापत ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति, संगठन के सिद्धांतों और जनसेवा की भावना से परिचित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक मजबूत संगठन के लिए प्रशिक्षित और जागरूक कार्यकर्ता अत्यंत आवश्यक होते हैं। इसलिए मंडल स्तर पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शिविरों में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में इस बात पर भी विशेष जोर दिया गया कि कार्यकर्ता केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रभावी तरीके से पहुंचाएं। इसके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों में योजनाओं की जानकारी, उनके लाभ और आम लोगों तक उन्हें पहुंचाने की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी। शहर अध्यक्ष रमेश सोनी ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता हमेशा समाज के बीच रहकर सेवा और संगठन दोनों को मजबूत करता है।

सफाई ठेका कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने की मांग

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। अ.भा सफाई मजदुर कांग्रेस ने नगर परिषद आयुक्त को ज्ञापन प्रेषित कर सफाई ठेका कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाने के साथ ही बाल्मीकि समाज मुक्तिधाम में लाईट व्यवस्था व बोरिंग कराने की मांग की है। संरक्षक रोशन लाल चुटेला व अध्यक्ष प्रदीप लखन ने बताया की बेतहासा महंगाई बढ़ने के बावजूद पिछले काफी समय से सफाई ठेका कर्मचारियों को दैनिक वेतन 375 रूपये दिया जा रहा है, जिसके चलते इनको भारी आर्थिक परेशानी का सामना करना पड रहा। विकट परिस्थिति में इनका दैनिक वेतन 570 रूपये किया जाये। अध्यक्ष प्रदीप लखन ने कांजी हाउस के पास नया शहर स्थित बाल्मीकि समाज के मुक्तिधाम में लाईट व्यवस्था व बोरिंग कराने की भी मांग की।

केन्द्र सरकार की नीतियों और महंगाई के खिलाफ विशाल धरना-प्रदर्शन

ब्यावर (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार, केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा बढ़ाई गई बेतहाशा महंगाई, रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि और वाणिज्यिक सिलेंडरों की आपूर्ति में बाधा डालने के विरोध में ब्यावर ज़िला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक विशाल धरना-प्रदर्शन 13 मार्च को प्रात: 10:30 बजे शहर के मुख्य केंद्र चांगगेट पर आयोजित किया जा रहा है। ज़िलाध्यक्ष किशोर चौधरी के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में मुख्य मुद्दे घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में 60 प्रति सिलेंडर की हालिया बढ़ोतरी से आम जनता की कमर टूट गई है। शादी-विवाह और सामाजिक समारोहों के सीजन के बावजूद केंद्र सरकार द्वारा वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित की गई है, जिससे सामाजिक कार्यों में भारी कठिनाई आ रही है। इज़राइल, अमेरिका और ईरान के मध्य जारी तनाव के बीच केंद्र सरकार ईंधन संकट को रोकने और खाड़ी देशों में फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित वापस लाने में पूरी तरह विफल रही है। आमजन पर लगातार महंगाई का बोझ लादकर केंद्र सरकार अपनी अकर्मण्यता को छिपा रही है।ज़िलाध्यक्ष किशोर चौधरी ने बताया कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों ने देश में ईंधन का संकट पैदा कर दिया है। उन्होंने ज़िले के पूर्व मंत्रियों (राजस्थान सरकार) , विधायकों , पूर्व विधायकों , वरिष्ठ कांग्रेसजनो , पीसीसी पदाधिकारियों , डीसीसी पदाधिकारियों , ब्लॉक अध्यक्षों , अग्रिम संगठनों के ज़िला अध्यक्षों कार्यकारिणी सहित ,निकाय सभापति , पूर्व सभापति , पार्षद , पूर्व पार्षद , प्रधान , पूर्व प्रधान , सरपंच , पूर्व सरपंच , वार्ड पंच , पंचायत समिति सदस्य पूर्व सदस्य एवं सभी कांग्रेसजनो से और कार्यकर्ताओं से आव्हान किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में चांगगेट पहुंचकर इस लोकतांत्रिक विरोध को सफल बनाएं।

शीतला माता के लगाया ठंडे पकवान का भोग

मसूदा, (निसं)। मसूदा पंचायत समिति क्षेत्र में बुधवार को शीतला सप्तमी मनाई गई और शीतला माता को ठंडा भोग लगा कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामनाएं मांगी मसूदा कस्बे स्थित प्राचीन शीतला माता के मंदिर पर माता के ठंडा भोग लगाने व जल चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा महिलाओं ने शीतला माता की कथा सुनी और माता की पूजा अर्चना कर ठंडे पकवानों का भोग लगाया और जल चढ़ाया देर रात शीतला माता के भोग लगाया उसके बाद पूजा-अर्चना का दौर शुरू हुआ जो लगातार जारी रहा आसपास की महिलाएं गीत गाती हुई।

चांदी खरीद के नाम पर लाखों की ठगी का आरोप

- पीड़ितों ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

अजमेर, (कासं)। शहर में चांदी खरीद के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस में शिकायत के बावजूद मामला दर्ज नहीं होने पर बुधवार को जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई।

मंजू वाधवानी के एडवोकेट वैभव जैन ने बताया कि करीब एक माह पूर्व उन्होंने अपनी पुरानी चांदी शहर स्थित रॉयल ज्वैलर्स के मालिक सुरेश सोनी को बेची थी। चांदी के बदले मिलने वाली राशि में से करीब साढ़े दस लाख रुपये अभी तक बकाया हैं। आरोप है कि सुरेश सोनी भुगतान किए बिना ही अपनी दुकान बंद कर फरार हो गया। मंजू वाधवानी ने बताया कि इस संबंध में दो दिन पूर्व सदर कोतवाली थाने में शिकायत दी गई थी, लेकिन अब तक पुलिस ने कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया है। इसी कारण वे आज जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचीं और मामले में हस्तक्षेप कर कार्रवाई की मांग की पीड़िता ने बताया कि उनके साथ चार-पांच अन्य लोग भी एसपी कार्यालय पहुंचे, जिनके साथ भी इसी प्रकार की धोखाधड़ी हुई है। किसी के 24 लाख रुपये तो किसी के 14 लाख रुपये सहित लाखों की रकम आरोपित द्वारा हड़पने का आरोप लगाया गया है। पीड़ितों का कहना है कि सुरेश सोनी ने शहर के कई लोगों से चांदी सहित अन्य सामान खरीदने के नाम पर धोखाधड़ी करते हुए करीब 45 करोड़ रुपये का गबन किया है। पीड़ित पक्ष ने जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपित के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, शीघ्र मामला दर्ज करने तथा उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रदीप कुमार चरनाल पुत्र रमेश चन्द्र निवासी चॉदी का कुआ लाखन कोटड़ी अजमेर राजस्व ग्राम लोहागल के खसरा नं. 768/1491 भूखण्ड संख्या 171 व 172 जिसका क्षेत्रफल 161.90 वर्गगज भूखण्ड संख्या 173 जिसका क्षेत्रफल 136.46 वर्गगज भूखण्ड संख्या 174 जिसका क्षेत्रफल 138.88 वर्गगज कुल 4 भूखण्डों की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के सम्बन्ध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा नियमन कार्यवाही कर दी जायेगी। -उपायुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

सरवाड़ खटीक समाज ने उपखंड कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

सरवाड़, (निसं)। खटीक समाज समिति के तत्वावधान में मंगलवार को उपखंड कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया इस दौरान ज्ञापन में बताया गया कि होली के अवसर पर उत्तम नगर दिल्ली में तरुण खटीक व परिवार के सभी सदस्य होली खेल रहे थे कि तभी छोटे बच्चे के द्वारा कलर का गुब्बारे घर से बाहर फेंक दिया जिससे वहां से गुजर रही मुस्लिम महिला के रंग के छिटें लग गये जिससे आपसी समझाईय से राजीनामा हो गया लेकिन विशेष समुदाय के लोग एक राय होकर अपने हाथों में लकड़ियां लोहे की रोड़े तथा सारिया लेकर तरुण खटीक व उसके परिवारजनों के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया जिससे तरुण खटीक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं ज्ञापन में बताया गया कि सभी दोषियों को फांसी की सजा दिलवाये जाएं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को मिला सम्मान और आत्मनिर्भरता का संदेश

- गरीब महिलाओं और दिव्यांगजनों को आजीविका के लिए बकरी एवं आर्थिक सहायता वितरित

अजमेर, (कासं)। राजस्थान महिला कल्याण मंडल चाचियावास, अजमेर तथा विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला अधिकारिता विभाग अजमेर की उपनिदेशक मेघा रतन थीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती हन्नी जैन और जैनिस जैन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा बाबूजी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक राकेश कुमार कौशिक ने राजस्थान महिला कल्याण मंडल की स्थापना, उसके संघर्षपूर्ण सफर और संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में वंचित और दिव्यांग परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक विकास जैसे पांच प्रमुख क्षेत्रों में कार्य कर रही है। संस्था का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर समाज में उनकी मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करना है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि मेघा रतन ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 की थीम 'गिव टू गेन' के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि समाज में महिलाओं और पुरुषों को समान अधिकार, समान अवसर और समान वेतन मिलना चाहिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं और आंगनवाड़ी सेवाओं की जानकारी भी महिलाओं को दी तथा संस्था द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के उत्साहवर्धन के लिए गुब्बारा फोड़, चम्मच दौड़ और म्यूजिकल चेयर जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर वंचित समाज की महिलाओं को आजीविका संवर्धन के लिए बकरी वितरित की गई तथा स्त्री शक्ति कौशल सिलाई केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। एबल परियोजना के अंतर्गत पांच दिव्यांगजनों को आजीविका के लिए 50 हजार रुपये के चेक वितरित किए गए। इसके अलावा किलबिल बाल मेला के सांत्वना पुरस्कार भी वितरित किए गए।

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 2323 जाहिर आम सूचना दिनांक-09-03-26

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1-छ-4,धोलाभाटा, अजमेर क्षेत्रफल 109.00 वर्ग गज मूल आवंटी श्रीमती भगवन्ती देवी पत्नि स्व. श्री हरीराम निहालाणी को आवंटित कर उक्त आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्रीमती भगवन्ती देवी पत्नि स्व. श्री हरीराम निहालाणी द्वारा आवास का बेचान जरिये इकरारनामा, मुख्त्यारनामा एवं वसीयतनामा के श्रीमती अयोध्या देवी पत्नि श्री के.आर. जावड़ा को कर दिया गया। मण्डल द्वारा दिनांक 28.12.1994 को श्रीमती अयोध्या देवी के पक्ष में नियमितीकरण के आदेश जारी किये गये। श्रीमती अयोध्या देवी पत्नि श्री के.आर. जावड़ा द्वारा दिनांक 28.12.1994 को उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया। श्रीमती अयोध्या देवी की मृत्यु दिनांक 28.10.2023 एवं उनके पति श्री खीमराज जावड़ा की मृत्यु दिनांक 27.08.2020 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री मनोज कुमार जावड़ा पुत्र स्व. श्री खीमराज जावड़ा द्वारा मृत्यु पश्चात आवास हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। श्री मनोज कुमार जावड़ा के पक्ष में श्रीमती मीना पुत्री स्व. श्री खीमराज जावड़ा एवं पत्नि श्री विजेन्द्र वर्मा, श्रीमती पदमा परिहार पुत्री स्व. श्री खीमराज जावड़ा पत्नि श्री जयशम्भु परिहार, श्रीमती ममता पुत्री स्व. श्री खीमराज जावड़ा एवं पत्नि श्री अशोक कुमार परिहार एवं श्री भरत वर्मा, श्री शक्ति वर्मा, श्री दिव्यांशु वर्मा पुत्रगण श्री गोपीकिशन द्वारा रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र प्रस्तुत किया गया है। अब श्री मनोज कुमार जावड़ा पुत्र स्व. श्री खीमराज जावड़ा ने उक्त आवास से संबंधित मृत्यु हस्तान्तरण प्रपत्र प्रस्तुत कर स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। श्री मनोज कुमार जावड़ा पुत्र स्व. श्री खीमराज जावड़ा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी. नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

-सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल,खण्ड अजमेर

कार्यालय ग्राम पंचायत राजियावास पंचायत समिति जवाजा

क्रमांक: निविदा/निर्माण/2025-26/146 दिनांक: 28.01.2026

ई-निविदा सूचना संख्या 05/2025-26

ग्राम पंचायत राजियावास में निर्माण कार्य हेतु पंचायत समिति जवाजा सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रकी विभाग, नगर परिषद एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से ई-टेण्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निर्माण कार्यो की निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा शुल्क/धरोहर राशि/प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण वेबसाइट www.eproc.rajasthan.gov.in and www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जा सकती है। साथ ही कार्यालय के नोटिस बोर्ड/कार्यालय में कार्य दिवसों में देखी जा सकती है। अनुमानित लागत में सक्रमों के निष्पादन हेतु ई-निविदा ई-प्रोक्यूमेन्ट पोर्टल पर आमंत्रित है।

क्र. सं.	संक्रम का नाम	अनु. लागत राशि (लाखों में)	धरोहर राशि 2 प्रतिशत	निविदा फार्म शुल्क	प्रोसेसिंग फीस(MD-RISL) रू.	निविदा डाउनलोड अपलोड करने की अंतिम तिथि व समय	डी.डी. व हार्ड कॉपी जमा करवाने की अंतिम तिथि व समय	ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि
1	कालिजर माता के पास सामुदायिक भवन निर्माण	10.00	20000	500	500	29.01.2026 से 09.02.26 सायं 5.00 बजे	10.02.2026 दोपहर 2 बजे तक	10.2.26 सायं 4.00 बजे
2	गोकुल सिंह के मकान से लादू सिंह के मकान की और सीसी ब्लॉक सड़क मय नाली निर्माण कार्य	8.00	16000	500	500			
3	कचरा संग्रहण केन्द्र निर्माण राजियावास	09.07	18140	500	500			

विस्तृत सूचना निविदा फार्म ग्राम पंचायत राजियावास पं.स. जवाजा के http://sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है।